In pursuance of the Inspection Scheme, approved for ESIC by the Ministry of Labour & Employment, vide No. Z-20025/02/2002-SS.I dated 21.06.2014, the ESI Corporation has notified New Inspection Policy-2014 vide No. S/11/12/02/2008-Rev.II dated 01.08.2014 and has also set up a "Central Analysis & Intelligence Unit" at ESIC, Hqrs. Office as part of Inspection Scheme/Policy. The objective of setting up of CAIU is to collect and analyze field level data for a transparent and accountable labour inspection system and to base the inspections on data and evidence only. As per guidelines on structure and functioning of the Central Analysis and Intelligence Unit (CAIU) issued vide No. S/11/12/02/2008-Rev.II dated 25.08.2014, and with a view to simplify business regulations, improve the ease of doing business and to ensure that the labour inspections are transparent, need based and free from discretion, frequent inspections of the same unit are avoided. All complaints received in any office of ESIC relating to default in compliance by factories/establishments, which can be redressed only through regular inspection of records are sent by field offices to CAIU for examination and for approval of appropriate action. Cases are monitored till disposal and therefore, the field offices have no discretion now, for inspection, at their level in such cases.

The CAIU started functioning w.e.f. 1st September, 2014 which is headed by an officer of the rank of Insurance Commissioner. Field Offices have suitably been advised to forward such complaints, which cannot be redressed without inspection of records, to CAIU with field level data like status of compliance/trend of compliance, details of past complaints/ investigations, past inspections and irregularities detected, defaulter action etc. with a feedback note in respect of irregularities reported in complaint which justify complete inspection of records. Based on the facts and data provided, analysis is done and as per merits of the case, suitable decision regarding survey/surprise physical verification/inspection to be conducted within stipulated time is conveyed to the respective field office. During the period (2022-2023), a total of 4002 complaints/representations/references were received, in which, 610 inspection cases, 101 surprise physical verification cases, 39 surprise physical verification cases followed by inspection, 315 surveys cases have been approved and 224 cases were returned to respective regions to act as per delegation under extant guidelines for redressal of complaints. In the rest of the cases, 393 cases have been filed and 2320 cases were rejected/referred back to respective regions for want of complete information/ evidences.

Glimpses of National Labour Conference of Labour Ministers and Labour Secretaries of States/UTs held on 25-26 August, 2022 at Tirupati, Andhra Pradesh

3 – चिकित्सा देखरेख

3.1 चिकित्सा हितलाभ की उपबंध

क.रा.बी. योजना के अंतर्गत, बीमाकृत व्यक्ति एवं उनके पारिवारिक सदस्य उपयुक्त चिकित्सा देखरेख प्राप्त करने के हकदार हैं। क.रा.बी अधिनियम, 1948 के अनुसार, राज्य सरकारों को बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की चिकित्सा देखरेख करने का दायित्व सौंपा गया है।

3.2 अवसंरचना

लाभार्थियों को चिकित्सा देखरेख एक बड़ी अवसंरचना के माध्यम से प्रदान की जाती है जिसमें 108 क.रा.बी. योजना और 53 क.रा.बी निगम अस्पतालों, 1574 औषधालयों, 96 डी.सी.बी.ओ., 20 नियोक्ता प्रयोक्ता औषधालयों (ईयूडी) और 927 बीमा चिकित्सा व्यवसायी (आईएमपी) क्लिनिक सहित अन्य संस्थाओं के साथ टाइ–अप व्यवस्था है।

बिस्तरों, विशेषज्ञों, औषधालयों, चिकित्सकों, बीमा चिकित्सा व्यवसायियों इत्यादि का राज्यवार विवरण **परिशिष्ट–III–क** में दिया गया है।

3.3 बाह्य रोगी सेवाएं

योजना के अंतर्गत बाह्य–रोगी चिकित्सा देखरेख निम्नानुसार है:

क) बीमा चिकित्सा व्यवसायी (आईएमपी)

निजी चिकित्सकों को पैनल चिकित्सक के रूप में नियुक्त किया गया है, जिन्हें बीमा चिकित्सा व्यवसायी करते हैं। एक पैनल चिकित्सक से अपेक्षा की जाती है कि उसका अपना परामर्श कक्ष और औषधालय हो। प्रत्येक पैनल चिकित्सक को 2000 बीमाकृत व्यक्ति/परिवार इकाइयों तक पंजीकरण करने की अनुमति है। वर्तमान में, पैनल प्रणाली पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, असम, मणीपुर, ओडिशा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और झारखंड में चल रही है। 8 सितंबर, 2016 से क.रा.बी लाभार्थियों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए जिसमें परामर्श, बुनियादी प्रयोगशाला जांच और दवा की लागत शामिल हेतु पैनल प्रणाली के अंतर्गत कैपिटेशन शुल्क (500/– रुपये प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रतिवर्ष) भुगतान किया जाता है।

ख) सेवा औषधालय

क.रा.बी. योजना के अंतर्गत अपेक्षाकृत लाभार्थियों वाले घने क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विशेष उपयोग हेतु आवश्यक प्रयोगशाला जांच सहित बाह्य–रोगी चिकित्सा देखरेख, योजना के अंतर्गत स्थापित सेवा औषधालयों के माध्यम से प्रदान की जाती है जिसे पूर्णकालिक चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संचालित किया जाता है। क.रा.बी. योजना के अंतर्गत दिनांक 31.03.2023 तक पूरे देश में 1574 सेवा औषधालय हैं।

ग) अस्पताल बाह्य रोगी विभाग

पूरे देशभर में क.रा.बी. अस्पतालों के माध्यम से विभिन्न विशिष्टताओं और अति विशिष्टताओं जैसे औषधि, शल्य चिकित्सा, बाल रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, नाक–कान–गला, नेत्र, हृदय रोग, नेफ्रोलॉजी, तंत्रिका विज्ञान, मूत्र विज्ञान, सी.टी.वी.एस. आदि के अंतर्गत बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा इन–हाउस सेवाएं जैसे कैथ–लैब, डायलिसिस, सी.टी., एम.आर.आई. आदि सुविधा चुनिंदा स्थानों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

3.4 बाह्य रोगी परिचर्या

क.रा.बी. संस्थाओं में परिचर्याएं, अस्पतालों में भर्ती मामलों और विशेषज्ञ जांच के लिए भेजे गए मामलों से संबंधित सभी आंकड़े क्रमशः **परिशिष्ट–III–ख** और **III–ग** में दिए गए हैं। चिकित्सा परिचर्या स्तर का पता लगाने के लिए, रिपोर्टिंग औषधालयों/ निदानशालाओं से संबद्ध केवल बीमाकृत व्यक्तियों/परिवार इकाईयों की संख्या प्रयोग की जाती है। एक बीमाकृत व्यक्ति जिसका उपचार चल रहा है, बीमारी की अवधि विशेष में उसकी प्रथम परिचर्या पर 'नए मामले' के रूप में माना जाता है और उसी अवधि विशेष के दौरान औषधालय या निदानशला में बाद के चरणों में आगमन ''पुराने मामले'' माने जाते हैं।

3.5 औषधालयों एवं अस्पतालों में परिचर्या की घटना दर

प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्तियों पर नए मामलों की अखिल भारतीय घटना–दर प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति वर्ष 2021–22 की तुलना में 507 से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 546 हो गई। प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्ति पुरानी परिचर्याओं की संख्या वर्ष 2020–21 में 422 से घटकर वर्ष 2022–23 में 418 हो गई है। पुरानी परिचर्या की तुलना में नई परिचर्या का अनुपात वर्ष 2021–22 में 0.83 से घटकर रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 0.77 हो गया है।

3.6 परिचर्या घटना–दर–परिवार (बीमाकृत व्यक्ति) एकक

नए मामलों की अखिल भारतीय घटना दर पिछले वर्ष के दौरान 511 की तुलना में वर्ष 2022–23 में 546 प्रति 1000 परिवार एकक है। पुरानी परिचर्या की संख्या वर्ष 2021–22 में 420 से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 476 प्रति 1000 परिवार इकाई हो गई। पुरानी परिचर्या की तुलना में नई परिचर्या का अनुपात वर्ष 2021–22 में 0.82 की तुलना में रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 0.87 रहा।

3.7 बीमारी का स्वरूप

पूरे देश के लिए समग्र रूप से प्रति 1000 बीमाकृत व्यक्तियों पर नये मामलों की संख्या के रूप में क.रा.बी. लाभार्थियों के बीमारी स्वरूप की सूचना **परिशिष्ट–III–घ** में दी गई है। प्रत्येक 298 कारण–समूहों को अलग से दर्शाया गया है।

बीमाकृत व्यक्तियों के संबंध में (कारण–समूह वार) बीमारी की घटना–दर अधिकतर सूचीबद्ध रोगों के लिए पारिवारिक सदस्यों के संबंध में तदनुरूपी घटना–दर के सादृश्य है।

3 - MEDICAL CARE

3.1 Provision of Medical Benefit

Under the ESI Scheme, insured persons and members of their family are entitled to receive reasonable medical care.

As per the ESI Act, 1948, the State Governments have been entrusted with the responsibility for providing medical care to Insured Persons and members of their family.

3.2 Infrastructure

Medical care to beneficiaries is provided through a large infrastructure comprising 108 ESIS and 53 ESIC hospitals, 1574 dispensaries, 96 DCBOs, 20 EUDs and 927 IMPs clinics besides tie-up arrangement with other institutions. State-wise details on number of beds, dispensaries, doctors, IMPs etc. are given at **Appendix III-A**.

3.3 Out Patient Services

Out-patient medical care under the scheme is provided as below: -

a. INSURANCE MEDICAL PRACTITIONERS (IMP):

Private medical practitioners are appointed as panel doctors who are called IMPs. A panel doctor is expected to have his own consulting room and dispensary. Each panel doctor is allowed to register up to 2000 IP family units. At present, the panel system is in operation in West Bengal, Maharashtra, Karnataka, Haryana, Chhattisgarh, Goa, Gujarat, M.P, Telangana, Bihar, Assam, Manipur, Odisha, Rajasthan, A.P., Telangana, U.P. and Jharkhand. The IMPs under the panel system are paid capitation fee (Rs.500/- per IP per year) w.e.f. 8th September 2016 for providing primary medical care to the ESI beneficiaries which include consultation, basic lab investigation and cost of medicine.

b. Service Dispensary:

Out-patient medical care including essential lab investigations in relatively heavy beneficiaries populated areas under the ESI Scheme is provided through service dispensaries established under the Scheme for exclusive use of Insured Persons and members of their family, manned by full-time medical officers. There are 1574 service dispensaries under ESI Scheme all over the country as on 31.03.2023.

c. Hospital OPDs:

Out-patient services under various specialties and super specialties like Medicine, Surgery, Pediatrics, Gynae. & Obst., ENT, Eye, Cardiology, Nephrology, Neurology, Urology, CTVS etc. are being provided through ESI hospitals all over the country. Further, in-house medical services like Cath-lab, Dialysis, CT MRI etc. are also available at select locations.

3.4 Out-Patient Attendance

All statistics relating to attendance in ESI institutions, cases admitted in hospitals and cases referred for specialized investigations are given in **Appendix-III-B & III-C** respectively. For working out the level of medical attendance, only the number of IPs/family units attached to the reporting dispensaries/clinics is used. An insured person receiving medical treatment is treated as a 'New Case' on his first attendance in a particular spell of sickness while his subsequent visits to the dispensary or clinic during the same spell are counted as "Old Case".

3.5 Incidence of Attendance in Dispensaries and Hospitals

The all-India incidence of new cases increased from 507 per 1000 Insured Persons in the year 2021-22 to 546 in 2022-23. The number of old attendances has decreased from 422 in the year 2021-22 to 418 per 1000 Insured Persons in 2022-23. The proportion of old to new attendance has decreased from 0.83 in the year 2021-22 to 0.77 during the year under report.

3.6 Incidence of Attendance-Family (I.P.) Units

The All-India incidence of new cases in 2022-23 is 546 per 1000 family units as against 511 in the previous year. The number of old attendances increased from 420 in 2021-22 to 476 per 1000 family units in 2022-23. The proportion of old attendance to new was 0.82 in 2021-22 and 0.87 during the year under report.

3.7 Sickness Pattern

Information on the sickness pattern of the ESI beneficiaries for the country as a whole, expressed as number of new cases per 1000 Insured Persons, is given in **Appendix III-D**. Each of the 298 cause-groups is shown separately.

The incidences of sickness (cause-group wise) in insured persons bear resemblance to the corresponding incidence in the families, for most of the listed diseases.

3.8 कृत्रिम अंग एवं उपकरणों का प्रावधान

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, लाभार्थियों को निम्नलिखित कृत्रिम अंग एवं उपकरण निःशुल्क प्रदान किये गएः

क्र. सं.	मद	बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या
1	कृत्रिम दंतावली	2679
2	चश्मे	24372
3	सुनने की मशीन	805
4	कार्डिएक पेसमेकर	257
5	वाकिंग कैलिपर, सर्जिकल बूट	820
6	स्पाइनल सपोर्ट	2577
7	सरवाइकल कॉलर	2650
8	इंटरसेलुलर लेंस	13689
9	अन्य	4537
10	कुल	52386

3.9 अक्षमता–संदर्भ 2022–23

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 43 पूर्णकालिक और 03 अंशकालिक चिकित्सा निर्देशियों द्वारा अक्षमता निर्धारण के लिए 4260 बीमाकृत व्यक्तियों के रेफरल मामलों की जांच की गई।

3.10 परिवार कल्याण सेवाएं

क.रा.बी. निगम, रोग प्रतिरक्षण और परिवार कल्याण कार्यक्रम सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का अनुसरण करता है। क.रा.बी. लाभार्थियों को छोटा परिवार मानकों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के क्रम में, निगम चिकित्सा देखरेख के एक अभिन्न भाग के रूप में परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्ष 2022–23 के दौरान परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियां और रोग प्रतिरक्षण विवरणी कुछ राज्यों द्वारा प्रस्तुत की गई है। अवधि के दौरान दिए गए टीकों की खुराकों की संख्या को दर्शाते हुए रोग प्रतिरक्षण विवरण क्रमशः **परिशिष्ट–III–ङ (क) – III–ङ (ख) एवं परिशिष्ट– III–च (क) – III–च (ख)** में दिया गया है।

3.11 आयुष को प्रोत्साहन

क.रा.बी. निगम सभी राज्यों में क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना अस्पतालों एवं औषधालयों में एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति सहित आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) सुविधाओं को प्रोत्साहित करता है। पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से आयुष सुविधाएं विकसित की गई हैं।

इस संबंध में क.रा.बी. निगम ने आयुष सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनका ब्योरा निम्नवत् हैः

1. राज्य सरकारों को आयुष इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पहले पांच वर्षों तक राज्यों में नई आयुष इकाइयों की स्थापना पर होने वाला पूरा खर्च ईएसआईसी निगम द्वारा वहन करने की मंजूरी दी गई है (21.12.2005 को आयोजित क.रा.बी. निगम की 134वीं बैठक में)।
2. क.रा.बी. निगम मुख्यालय के आयुष प्रभाग ने देश भर में क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना में आयुष सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 मई, 2022 को आयुष पर उप समिति की 17वीं बैठकें आयोजित कीं।
3. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2022 के पखवाड़ा समारोह की शुरुआत माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री द्वारा 07.06.2022 को क.रा.बी. निगम अस्पताल, बसईदारापुर से योग प्रदर्शन सहित उसके सीधा प्रसारण द्वारा की गई, जिसमें श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के साथ 7,000 से अधिक क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बीमारियों/विकारों की रोकथाम के लिए दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
4. क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना अस्पतालों में स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वास्थ्य वार्ता, अस्पतालों और औद्योगिक समूहों में योग सत्र आयोजित करके 06.06.2022 से 21.06.2022 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2022 पखवाड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। इन क्रियाकलापों से कुल 1,44,579 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला है। इन गतिविधियों के अलावा प्रत्येक स्थान की दो बस्तियों की सफाई की गई।
5. क.रा.बी. निगम अस्पतालों में कुल 37 योग इकाइयां स्वीकृत और स्थापित की गईं। इसके अलावा, 08.06.2022 को योग प्रशिक्षकों के पारिश्रमिक को संशोधित कर रु. 10,000 से रु. 20,000 (अंशकालिक संविदा के लिए) और रु. 27,000 से 32,000 (पूर्णकालिक संविदा के लिए) किया गया था। ।
6. क.रा.बी. लाभार्थियों के उपयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2022 के समारोह के दौरान क.रा.बी. निगम वेबसाइट पर 'श्रमिकों के लिए योग' नामक एक पुस्तिका प्रकाशित/अपलोड की गई है। क.रा.बी. निगम अधिकारियों/कर्मचारियों और क.रा.बी. लाभार्थियों द्वारा इस पुस्तिका की अत्यधिक सराहना की गई।

3.8 Provision of Artificial Limbs and Appliances

During the year under report, the following artificial limbs and appliances were provided free of cost to the beneficiaries:

Sl. No.	Items	No. of IPs
1.	Artificial Denture	2679
2.	Spectacles	24372
3.	Hearing Aids	805
4.	Cardiac Pace-maker	257
5.	Walking Caliper, surgical Boots	820
6.	Spinal Support	2577
7.	Cervical Collar	2650
8.	Intercellular Lens	13689
9.	Others	4537
10	Total	52386

3.9 Incapacity Reference 2022-23

During the year under report, references for 4260 insured persons were examined by 43 full time and 03 part time medical referees for assessment of incapacity.

3.10 Family Welfare Services

ESIC follows National Health Programme including immunization & family welfare programmes. In order to promote small family norms among ESI beneficiaries, Corporation has been providing family welfare services as an integral part of medical care. Major achievement under Family Welfare Programme for the year 2022-23 and immunization statement submitted by some of the ESIC hospitals showing number of doses of vaccines administered during the period are reflected in **Appendix: III-E(A) - III-E(B)** and **Appendix: III-F(A) - III-F(B)** respectively.

3.11 Promotion of AYUSH

ESI Corporation promotes AYUSH (Ayurveda, Yoga, Unani, Siddha and Homeopathy) facilities along with the Allopathic system of medicine in ESIC/ESIS hospitals and dispensaries in all the states. AYUSH facilities have been developed in a phased manner all over the country.

In this regard, the ESI Corporation has taken several steps for strengthening of AYUSH services with the details as under:

1. It has been approved to bear the entire expenditure on setting up of new AYUSH units in the states for the first five years by ESI Corporation for encouraging the State Governments for setting up of AYUSH units (in the 134th meeting of the ESI Corporation held on 21.12.2005).
2. AYUSH Division of ESIC head quarters conducted the 17th meeting of Sub Committee on AYUSH on 24th May, 2022, with a view to promote AYUSH services in ESIC/ESIS across the country.
3. Fortnight celebrations of International Day of Yoga-2022 was kick started by Hon'ble Labour & Employment Minister on 07.06.2022 from ESIC hospital, Basaidarapur through live telecast with yoga demonstration which was attended by more than 7,000 ESIC/ESIS staff along with higher officials of Ministry of Labour & Employment. Importance of Yoga in day-to-day life for prevention of various diseases/disorders was highlighted during this program.
4. This fortnight long celebrations of International Day of Yoga -2022 from 06.06.2022 to 21.06.2022 in ESIC/ESIS hospitals was organised by conducting health checkup camps, health talks, yoga sessions at hospitals and also industrial clusters. A total of 1,44,579 people directly benefited from these activities. Besides these activities, cleanliness of two bastis of each location were carried out.
5. In total, 37 Yoga units were sanctioned and established in ESIC hospitals. Further, remuneration of Yoga Instructors was revised from Rs. 10,000 to Rs. 20,000 (for Part-time contractual) and Rs. 27,000 to Rs. 32,000 (for Full-time contractual) on 08.06.2022.
6. A booklet named as 'Yoga for Workers' has been published/uploaded on ESIC website during celebrations of International Day of Yoga-2022 for the use of ESI beneficiaries. This booklet was highly appreciated by ESIC officers/staff and ESI beneficiaries.

7. जून, 2022 के महीने के लिए क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए योग सत्र आयोजित करने हेतु 63 क.रा.बी. निगम क्षेत्रीय कार्यालयों और उप–क्षेत्रीय कार्यालयों में अनुबंध पर योग प्रशिक्षकों को नियुक्त करने को भी मंजूरी दी गई थी।
8. दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के क.रा.बी. निगम अस्पतालों एवं औषधालयों को पंचकर्म सेवाएं प्रदान करने के लिए दिनांक 21.10.2022 को क.रा.बी. निगम अस्पताल, बसईदारापुर में पंचकर्म इकाई स्थापित की गई।
9. दिनांक 21.10.2022 को क.रा.बी. निगम मुख्यालय सहित सभी क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना अस्पतालों एवं औषधालयों में 'हर घर आयुर्वेद, हर दिन आयुर्वेद' विषय पर राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया।
10. क्षेत्रीय क.रा.बी. निगम आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए विधिवत गठित समिति द्वारा मसौदा नीति को दिनांक 22.11.2022 को अंतिम रूप दिया गया।
11. मसौदा आयुष नीति पुनरीक्षण के अंतर्गत है।
12. दिनांक 20.02.2023 को क.रा.बी. निगम अस्पताल, के.के. नगर, चेन्नई में होम्योपैथी इकाई शुरू की गई।
13. महानिदेशक, क.रा.बी. निगम द्वारा दिनांक 23.02.2023 को 589 दवाओं के लिए होम्योपैथी दर अनुबंध संख्या होमियो–3 प्रकाशित किया गया, जो सभी रोग परिस्थितियों में काम करती है।
14. क.रा.बी. निगम अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में दिनांक 06.12.2022 को और क.रा.बी. निगम अस्पताल, झिलमिल में दिनांक 02.03.2023 को योग इकाइयां शुरू हुईं।
15. क.रा.बी. निगम पखवाड़ा समारोह के दौरान दिनांक 06.02.2023 को क.रा.बी. योजना मुख्यालय के आयुष प्रभाग द्वारा हाइब्रिड मोड में मानसिक स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स–2023 और योग विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया।
16. महानिदेशक, क.रा.बी. निगम की आयुर्वेदिक दर अनुबंध संख्या आयु.–9 तैयार है।
17. देश भर में क.रा.बी. निगम/क.रा.बी. योजना अस्पतालों एवं औषधालयों में 231 स्थानों पर 387 आयुष इकाइयाँ उपलब्ध हैं। दिनांक 31.03.2023 तक विभिन्न राज्यों में उपलब्ध आयुष सुविधाओं की स्थिति **परिशिष्ट–III–छ** में दी गई है।

3.12 बीमाकृत व्यक्तियों को उपलब्ध कराई गई चिकित्सा देख रेख

दिनांक 31.03.2023 को 3,42,97,410 बीमाकृत व्यक्तियों/परिवार इकाईयों को चिकित्सा देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है।

3.13 अस्पताल बिस्तरों का अधिभोग

वर्ष 2022–23 के लिए क.रा.बी. योजना और क.रा.बी. निगम अस्पतालों का राज्यवार बिस्तर अधिभोग **परिशिष्ट–III–ज (क) और III–ज (ख)** में दिया गया है।

3.14 चिकित्सा देखरेख पर व्यय

वर्ष के दौरान चिकित्सा देखरेख के प्रावधान पर किया गया कुल व्यय ₹11,616.59 करोड़ था। इसमें प्रति व्यक्ति उच्चतम सीमा से अधिक व्यय की गई राशि तथा अस्पतालों और अति विशिष्टता उपचार पर किया व्यय भी शामिल है। व्यय का राज्य – वार विवरण **परिशिष्ट III–झ** में दिया गया है। उच्चतम प्रति व्यक्ति व्यय ₹7,021/– केरल में और सबसे कम प्रति व्यक्ति व्यय ₹1,155/– आंध्र प्रदेश में किया गया।

3.15 राज्य सरकारों को भुगतान

चिकित्सा देखभाल पर व्यय क.रा.बी. निगम द्वारा उच्चतम सीमा के भीतर वहन किया जा रहा है, जिसे समय–समय पर परिशोधित किया जाता है। ₹3,000/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति का वर्तमान वार्षिक आवंटन निम्नलिखित उप–सीमा वाले राज्यों के लिए उपलब्ध है:

क्र. स.	शीर्ष	उप–सीमा
(I)	मानक चिकित्सा देखभाल (इसके अतिरिक्त 'प्रशासन' और 'अन्य', प्रत्येक पर व्यय के लिए ₹1,300/– दो भागों में उप–विभाजित)	₹ 2,600/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रति वर्ष
(ii)	परियोजना कार्यान्वयन योजना	₹ 200/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रति वर्ष
(iii)	क.रा.बी. योजना अस्पतालों और औषधालयों में क.रा.बी. निगम सूचना प्रौद्योगिकी मॉड्यूल 'धनवंतरी' के कार्यान्वयन की सीमा के आधार पर यथानुपात भुगतान।	₹ 200/– प्रति बीमाकृत व्यक्ति प्रति वर्ष

क्र.सं. (i) में चिकित्सा देखरेख के लिए अनुमानित आवंटन का 90% प्रत्येक वर्ष के अप्रैल और अक्टूबर माह में दो किश्तों में अग्रिम रूप से भुगतान किया जाता है। नीति में विनिर्दिष्ट शीर्षों के अंतर्गत प्रस्तावित व्यय की ठोस योजना के साथ संबंधित राज्य सरकारों के प्रस्तावों के आधार पर पीआईपी के लिए निधियां भी अग्रिम रूप से जारी की जाती हैं। क्र.सं. (iii) के अंतर्गत आवंटन का भुगतान धनवंतरी मॉड्यूल के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप प्रणाली में उपलब्ध वास्तविक उपयोग डेटा के आधार पर बनाया जाता है।

7. Contractual Yoga instructors were also sanctioned for 63 ESIC regional offices and sub-regional offices for conducting yoga sessions for ESIC/ESIS staff and officers in the month of June, 2022.
8. Panchakarma unit has been established in ESIC hospital, Basaidarapur on 21.10.2022 to cater to the Panchakarma services to Delhi and NCR ESIC hospitals and dispensaries.
9. National Ayurveda Day was celebrated on 21.10.2022 by observing the theme 'Har Ghar Ayurveda, Har Din Ayurveda' in all ESIC/ESIS hospitals and dispensaries including ESIC headquarters.
10. Draft policy for establishment of Regional ESIC Ayush hospitals has been finalized by the duly constituted Committee on 22.11.2022.
11. Draft Ayush policy is under revision.
12. Homeopathy unit started in ESIC hospital, K.K. Nagar, Chennai on 20.02.2023.
13. DG ESIC Homeopathy Rate Contract No. Homoeo. -3 for 589 drugs was published on 23.02.2023 which caters to all the disease conditions.
14. Yoga units started in ESIC hospital, Phulwarishariff, Patna on 06.12.2022 and in ESIC hospital, Jhilmil on 02.03.2023.
15. A conference was conducted on the theme of millets-2023 and Yoga for Mental Health in hybrid mode by AYUSH division, ESIC head quarters on 06.02.2023 during ESIC fortnight celebrations.
16. DG ESIC Ayurvedic Rate Contract no. Ay.-9 has been formulated.
17. There are 387 AYUSH units available in 231 locations in ESIC/ESIS hospitals and dispensaries across the country. The details of AYUSH facilities available in various states as on 31.03.2023 is given at **Appendix III-G**.

3.12 Medical Care provided to the Insured Persons

As on 31.03.2023, 3,42,97,410 Insured Persons/family units are being provided Medical Care.

3.13 Occupancy of Hospital Beds

The status of bed occupancy of ESIS and ESIC hospitals for the year 2022-23 is given in **Appendix: III-H(A) & III-H(B).**

3.14 Expenditure on Medical Care

Total expenditure incurred on provision of medical care, during the year was ₹11,616.59 crore. This also includes amount spent over & above per capita ceiling and expenditure on hospitals and super specialty treatments. State-wise break-up of expenditure is given at **Appendix: III-I**. Highest per capita expenditure per annum at ₹7,021/- was recorded in Kerala and the lowest per capita expenditure at ₹1,155/- was in Andhra Pradesh.

3.15 Payment to State Governments

Expenditure on Medical Care is being borne by ESI Corporation within ceiling, which is revised from time to time.

The current annual allocation of ₹ 3,000/- per IP is available to States with following sub-ceilings:

S. No.	HEADS	SUB-CEILING
(I)	Standard Medical Care (Further sub-divided in two part of ₹ 1,300/- each for expenditure on 'Administration' & 'Others')	₹ 2,600/- per IP per annum
(ii)	Project Implementation Plan	₹ 200/- per IP per annum
(iii)	Pro rata payment based on extent of implementation of ESIC IT module 'Dhanwantri' in ESIS hospitals and dispensaries.	₹ 200/- per IP per annum

90% of estimated allocation for Medical Care at Sl. (i) is released in advance in bi-annual instalments in April and October every year. Funds on account of PIP are also released in advance on the basis of proposals from respective State Governments with concrete plan of proposed expenditure under heads specified in the policy. Payment of allocation under Sl. (iii) is made on the basis of actual utilization data available in the system as a result of implementation of Dhanwantri Module.

3.16 व्यवसायजनित रोग केन्द्र

क.रा.बी. निगम ने व्यावसायिक स्वास्थ्य से जुड़े निवारक एवं प्रोत्साहन पहलू के लिए उठाए गए कदमों के अलावा, व्यवसायजन्य रोग की पूर्व पहचान एवं त्वरित उपचार के लिए बसईदारापुर, नई दिल्ली में एक व्यावसायिक स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं अनुसंधान संस्थान (आईओएचईआर) तथा छः व्यवसायजन्य रोग केन्द्र (ओडीसी) स्थापित किये हैं।

ये संस्थान निम्नवत हैं:

उत्तरी अंचल	क.रा.बी. निगम अस्पताल, बसईदारापुर, नई दिल्ली (आईओएचईआर) एवं ओडीसी
दक्षिणी अंचल	के.के. नगर, चेन्नै, तमिलनाडु
पूर्वी अंचल	जोका, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
	बिहटा, बिहार
पश्चिमी अंचल	अंधेरी, मुम्बई, महाराष्ट्र
	अलवर, राजस्थान
मध्य अंचल	नंदानगर, इंदौर, मध्य प्रदेश

3.17 निर्माण गतिविधियां

दिनांक 31.03.2023 तक निम्नलिखित प्रमुख पूंजी / नवीकरण / मरम्मत परियोजनाएं निष्पादन के अधीन हैं।

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति (लागत) (₹ करोड़ में)
अस्पताल परियोजनाएं		
1	क.रा.बी. निगम अस्पताल अंधेरी, मुंबई, महाराष्ट्र में पीजीआईएमएसआर और पीजी छात्रावास सह स्टाफ आवास	260.13
2	मौजूदा अस्पताल का नवीनीकरण और पांडु नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश में 50 बिस्तरों वाली एसएसटी सुविधाओं की स्थापना	254.80
3	100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल, बहादुरगढ़, हरियाणा	96.09
4	काकीनाडा, आंध्र प्रदेश में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	102.77
5	राजामहेंद्रवरम, आंध्र प्रदेश में 100 बिस्तरों वाले क.रा.बी. योजना अस्पताल का पुनर्निर्माण	97.77
6	रायगढ़, छत्तीसगढ़ में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. निगम अस्पताल	74.23
7	भिलाई, छत्तीसगढ़ में 100 बिस्तरों वाले क.रा.बी. निगम अस्पताल से (200 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन योग्य)	103.11
8	शिवमोग्गा, कर्नाटक में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	99.77
9	सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	63.93
10	आसनसोल, पश्चिम बंगाल में अतिरिक्त 50 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	35.92
11	रांची, झारखंड में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. अस्पताल (200 बिस्तरों तक विस्तार योग्य)	99.06
12	हल्दिया, पश्चिम बंगाल में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. अस्पताल	70.12
13	डोड्डाबल्लापुर, कर्नाटक में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. अस्पताल	93.41
14	फुलवारीशरीफ, बिहार में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. निगम अस्पताल	71.74
15	बेलटोला, असम में 200 बिस्तरों वाला क.रा.बी. निगम अस्पताल	143.23
16	तिरुपुर, तमिलनाडु में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. अस्पताल	95.13
17	ओमपुरा, जम्मू–कश्मीर में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. निगम अस्पताल	158.48
18	सूरत, गुजरात में 200 बिस्तरों वाले (300 बिस्तरों तक उन्नयन योग्य) क.रा.बी. योजना अस्पताल, स्टाफ क्वार्टर और उप क्षेत्रीय कार्यालय	209.35
19	क.रा.बी. निगम अस्पताल, सनथनगर, तेलंगाना में 200 बिस्तरों वाला नया ओपीडी भवन	211.23

3.16 Occupational Diseases Centres

ESI Corporation has set up one Institute of Occupational Health, Environment & Research (IOHER) Centre at Basaidarapur, New Delhi and six Occupational Disease Centre (ODC) for providing early detection & prompt treatment, apart from taking steps for preventive & promotive aspects pertaining to occupational health.

Institutions are as under: -

North Zone	ESIC Hospital, Basaidarapur, New Delhi (IOHER) along with ODC
South Zone	K. K. Nagar, Chennai, Tamil Nadu
East Zone	Joka, Kolkata, West Bengal
	Bihta, Bihar
West Zone	Andheri, Mumbai, Maharastra
	Alwar, Rajasthan
Central Zone	Nanda Nagar, Indore, Madhya Pradesh

3.17 Construction Activities

Major capital / renovation / repair projects under execution as on 31.03.2023 are as under :-

S.No.	Name of the Project	AA & ES (Cost) (₹ in cr.)
Hospital projects		
1	PGIMSR and PG hostel cum staff housing at ESIC hospital Andheri, Mumbai, Maharashtra	260.13
2	Renovation of existing hospital and setting up of 50 bedded SST facilities at Pandu Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh	254.80
3	100 bedded ESIS hospital, Bahadurgarh, Haryana	96.09
4	100 bedded ESIS hospital at Kakinada, Andhra Pradesh	102.77
5	Reconstruction of 100 bedded ESIS hospital at Rajamahendravaram, Andhra Pradesh	97.77
6	100 bedded ESIC hospital at Raigarh, Chhattisgarh	74.23
7	100 bedded (upgradable to 200 bedded) ESIC hospital at Bhilai, Chhattisgarh	103.11
8	100 bedded ESIS hospital at Shivamogga, Karnataka	99.77
9	100 bedded ESIS hospital Siliguri, West Bengal	63.93
10	Additional 50 bedded ESIS hospital at Asansol, West Bengal	35.92
11	100 bedded ESI hospital at Ranchi (expandable to 200 Beds) Jharkhand	99.06
12	100 bedded ESI hospital at Haldia, West Bengal	70.12
13	100 bedded ESI hospital at Doddaballapur, Karnataka	93.41
14	100 bedded ESIC hospital at Phulwarisharif, Bihar	71.74
15	200 bedded ESIC hospital at Beltola, Assam	143.23
16	100 bedded ESI hospital at Tirupur, Tamil Nadu	95.13
17	100 bedded ESIC hospital at Ompura, J&K	158.48
18	200 bedded (upgradable to 300 beds) ESIS hospital, staff qtr. and SRO at Surat, Gujarat	209.35
19	New OPD building with 200 beds at ESIC hospital, Sanathnagar, Telangana	211.23

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति (लागत) (₹ करोड़ में)
20	इंदौर, मध्य प्रदेश में 300 बिस्तरों वाला (500 बिस्तरों में उन्नयन योग्य) क.रा.बी. निगम अस्पताल	378.63
21	बावल, हरियाणा में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	96.79
22	काला अंब, हिमाचल प्रदेश में 30 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल (100 बिस्तरों तक विस्तार योग्य)	96.17
23	विजयनगरम, आंध्र प्रदेश में 100 बिस्तरों वाला क.रा.बी. योजना अस्पताल	73.68
24	दावणगेरे, कर्नाटक में क.रा.बी. योजना अस्पताल	18.71
25	उल्हासनगर, मुंबई, महाराष्ट्र में 100 बिस्तरों वाले क.रा.बी. योजना अस्पताल और क.रा.बी.नि. शाखा कार्यालय सहित 32 आवासीय क्वार्टर	102.58
26	बुटीबोरी, नागपुर, महाराष्ट्र में 200 बिस्तरों वाले क.रा.बी. निगम अस्पताल	194.93
27	कोल्हापुर, महाराष्ट्र में 100 बिस्तरों वाले मौजूदा क.रा.बी. निगम अस्पताल और स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत तथा नवीनीकरण कार्य	37.98
28	डी एन नगर, अंधेरी, मुंबई, महाराष्ट्र में 228 टाइप–III स्टाफ क्वार्टर	148.78
29	बिबेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र में 200 बिस्तरों वाले (एसएसटी के 50 बिस्तरों सहित 500 बिस्तरों तक उन्नयन योग्य) क.रा.बी. निगम अस्पताल	429.25
30	हरिद्वार, उत्तराखंड में 300 बिस्तरों वाला (50 बिस्तरों वाले एसएसटी सहित) अस्पताल	297.63
औषधालय/कार्यालय भवन परियोजनाएं		
31	मयूर विहार फेज–I, दिल्ली में क.रा.बी. औषधालय–सह–नैदानिक केन्द्र	40.67
32	गया, बिहार में 04 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. निगम औषधालय सह शाखा कार्यालय	10.93
33	बहरोड़, राजस्थान में 03 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. औषधालय	3.60
34	नीमराना, राजस्थान में 05 चिकित्सकों वाला औषधालय	5.66
35	सीतापुरा, राजस्थान में 05 चिकित्सकों वाला औषधालय	5.45
36	आबू रोड, राजस्थान में 02 चिकित्सकों वाला औषधालय, शाखा कार्यालय और स्टाफ क्वार्टर	5.91
37	सेलाकुई, उत्तराखंड में 05 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. निगम औषधालय सह शाखा कार्यालय और टीओआर	5.90
38	पायडीभीमावरम, आंध्र प्रदेश में आदर्श औषधालय	6.29
39	गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 02 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. निगम औषधालय और शाखा कार्यालय	2.84
40	नुनहाई, आगरा, उत्तर प्रदेश में 02 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. निगम औषधालय	2.25
41	अलवे, केरल में शाखा कार्यालय	1.14
42	अलवर, राजस्थान में 04 चिकित्सकों वाला क.रा.बी. औषधालय	3.48
43	पंचकुला, हरियाणा में 05 चिकित्सकों वाला औषधालय एवं शाखा कार्यालय	6.84
44	कोर्राट्टी, केरल में 02 चिकित्सकों वाला औषधालय और शाखा कार्यालय	3.94
45	नवाइकुलम, केरल में 02 चिकित्सकों वाला औषधालय और शाखा कार्यालय	5.02
46	भीलवाड़ा, राजस्थान में 03 चिकित्सकों वाला औषधालय	5.35
47	भवानीमंडी, राजस्थान में 03 चिकित्सकों औषधालय	4.66
48	सोडाला, जयपुर. राजस्थान में 300 बिस्तरों वाले क.रा.बी. निगम आदर्श अस्पताल के मौजूदा भवन (जी+7) में आरसीसी रैंप।	10.13
	कुल	**4345.46 करोड़**

S. No.	Name of the Project	AA & ES (Cost) (₹ in cr.)
20	300 bedded (upgradable to 500 bedded) ESIC hospital at Indore, Madhya Pradesh	378.63
21	100 bedded ESIS hospital at Bawal, Haryana	96.79
22	30 bedded ESIS hospital (expandable to 100 beds), Kala Amb, Himachal Pradesh	96.17
23	100 bedded ESIS hospital at Vizianagram, Andhra Pradesh	73.68
24	ESIS hospital Davangere, Karnataka	18.71
25	100 bedded ESIS hospital and 32 nos. residential quarters including ESI branch office at Ulhasnagar, Mumbai, Maharashtra.	102.58
26	200 bedded ESIC hospital at Butibori, Nagpur, Maharashtra.	194.93
27	Repair and renovation work of 100 bedded existing ESIC hospital & staff quarters at Kolhapur, Maharashtra	37.98
28	228 Nos. Type-III staff quarters at D N Nagar, Andheri, Mumbai, Maharashtra	148.78
29	200 bedded (Upgradable to 500 bedded including 50 beds of SST) ESIC hospital at Bibewadi, Pune, Maharashtra	429.25
30	300 bedded (including 50 beds SST) hospital at Haridwar, Uttarakhand	297.63
Dispensary/Office Building Projects		
31	ESI dispensary cum diagnostic centre at Mayur Vihar Phase-I, Delhi	40.67
32	04 doctor ESIC dispensary cum branch office at Gaya, Bihar	10.93
33	03 doctor ESI dispensary Behror, Rajasthan	3.60
34	05 doctor dispensary at Neemrana, Rajasthan	5.66
35	05 doctor dispensary at Sitapura, Rajasthan	5.45
36	02 doctor dispensary, BO and staff quarter at Abu Road, Rajasthan	5.91
37	05 doctor ESIC dispensary cum branch office & TOR at Selaqui, Uttarakhand	5.90
38	Model dispensary at Pydibhimavaram, Andhra Pradesh	6.29
39	02 doctor ESIC dispensary and branch office at Gorakhpur, Uttar Pradesh	2.84
40	02 doctor ESIC dispensary at Nunhai, Agra, Uttar Pradesh	2.25
41	Branch office in Alwaye, Kerela	1.14
42	04 doctor ESI dispensary, Alwar, Rajasthan	3.48
43	05 doctor dispensary & B.O. Panchkula, Haryana	6.84
44	02 doctor dispensary and branch office at Korratty, Kerala	3.94
45	02 doctor dispensary and branch office at Navaikulam, Kerala	5.02
46	03 doctor dispensary at Bhilwara, Rajasthan	5.35
47	03 doctor dispensary at Bhawani Mandi, Rajasthan	4.66
48	RCC ramp for existing building (G+7) of 300 bedded ESIC modal hospital, Sodala, Jaipur, Rajasthan	10.13
	Total	**4345.46 Cr.**

4 – चिकित्सा शिक्षा

क.रा.बी. निगम (ईएसआइसी) ने देश भर में चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की स्थापना की है जिसमें चिकित्सा महाविद्यालय, दंत्य महाविद्यालय, नर्सिंग महाविद्यालय तथा परा–चिकित्सा महाविद्यालय शामिल हैं। सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए, क.रा.बी. अधिनियम, 1948 को 2010 में संशोधित किया गया था, और 'चिकित्सा और परा–चिकित्सा शिक्षा' से संबंधित धारा 59–बी को शामिल किया गया, जिसने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत प्रदत सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को देखते हुए निगम को अपने परा–चिकित्सा स्टाफ तथा अन्य कर्मचारियों के लिए चिकित्सा महाविद्यालयों, नर्सिंग महाविद्यालयों और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए सक्षम बनाया।

चिकित्सा शिक्षा का औचित्यः क.रा.बी. निगम में चिकित्सा शिक्षा के इन उद्देश्यों को पूरा करती हैः– (1) लाभार्थियों की सेवा के लिए योग्य चिकित्सा जनशक्ति की वृद्धि (2) शोध, विशेष रूप से व्यावसायिक रोगों में अनुसंधान करना और चिकित्सा कार्मिकों तथा परा–चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षण देना और (3) चिकित्सा महाविद्यालयों में निर्दिष्ट सीटें बीमाकृत व्यक्तियों/कामगारों के प्रतिपाल्यों के लिए नामोदिष्ट के माध्यम से समावेश को प्रोत्साहन।

संस्थानों की सूची

क	**चिकित्सा महाविद्यालय (स्थापना वर्ष)**
1	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, राजाजीनगर, बेंगलुरू (2012)
2	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, के.के. नगर, चेन्नई (2013)
3	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, जोका, कोलकाता (2013)
4	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, गुलबर्गा, कर्नाटक (2013)
5	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, फरीदाबाद, हरियाणा (2015)
6	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, सनतनगर, हैदराबाद (2016)
7	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, अलवर, राजस्थान (2021)
8	क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, बिहटा – पटना, बिहार (2021)
ख	**स्नातकोत्तर संस्थान**
1	क.रा.बी. – स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, बसईदारापुर, दिल्ली (2011)
2	क.रा.बी. – स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, अंधेरी, मुंबई (2011)
ग	**दंत्य महाविद्यालय**
1	क.रा.बी. निगम दंत्य महाविद्यालय, रोहिणी, दिल्ली (2010)
2	क.रा.बी. निगम दंत्य महाविद्यालय, गुलबर्गा, कर्नाटक (2017)
घ	**नर्सिंग महाविद्यालय**
1	नर्सिंग महाविद्यालय, इंदिरानगर, बेंगलुरु (2013)
2	नर्सिंग महाविद्यालय, गुलबर्गा, कर्नाटक (2015)
ड़	**परा–चिकित्सा संस्थान**
1	क.रा.बी. निगम परा–चिकित्सा संस्था, गुलबर्गा, कर्नाटक (2019)

प्रारंभ में, प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालयों ने 100 एमबीबीएस सीटों के साथ काम करना शुरू किया। वर्ष 2020 में, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अनुमोदन से, सभी छह चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए सीटों की संख्या को बढ़ाकर 125 कर दिया गया।

वर्ष 2021 में, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा 100 सीटों की प्रारंभिक अनुमति के साथ, दो नए क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय, क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, अलवर तथा क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय तथा अस्पताल, बिहटा की स्थापना की गई है, इन सीटों की संख्या को धीरे–धीरे बढ़ाया जाएगा।

4 - MEDICAL EDUCATION

ESI Corporation (ESIC) has established medical education institutions across the country which include medical colleges, dental colleges, nursing colleges and paramedical college. The ESI Act, 1948 was amended in 2010 and the section 59-B was inserted relating to 'Medical and Para-medical Education', which enabled the Corporation to establish medical colleges, nursing colleges and training institutes for its para-medical staff and other employees with a view to improve the quality of services provided under the Employees' State Insurance Scheme.

Rationale of Medical Education: Medical education in ESIC fulfils the objectives of (1) augmentation of qualified medical manpower to serve beneficiaries, (2) carry out research especially in occupational diseases and training to medics and para-medics and (3) promote inclusivity as specified seats in medical colleges are earmarked for the ward of insured persons / workers.

LIST OF INSTITUTIONS

A	**Medical Colleges (year of setting up)**
1	ESIC Medical College & Hospital, Rajajinagar, Bangalore (2012)
2	ESIC Medical College & Hospital, KK Nagar, Chennai (2013)
3	ESIC Medical College & Hospital, Joka, Kolkata (2013)
4	ESIC Medical College & Hospital, Gulbarga, Karnataka (2013)
5	ESIC Medical College & Hospital, Faridabad, Haryana (2015)
6	ESIC Medical College & Hospital, Sanathnagar, Hyderabad (2016)
7	ESIC Medical College & Hospital, Alwar, Rajasthan (2021)
8	ESIC Medical College & Hospital, Bihta - Patna, Bihar (2021)
B	**Post – Graduate Institutes**
1	ESI-PGIMSR Basaidarapur Delhi (2011)
2	ESI-PGIMSR Andheri, Mumbai (2011)
C	**Dental Colleges**
1	ESIC Dental College, Rohini, Delhi (2010)
2	ESIC Dental College, Gulbarga, Karnataka (2017)
D	**Nursing Colleges**
1	College of Nursing, Indiranagar, Bangalore (2013)
2	College of Nursing, Gulbarga, Karnataka (2015)
E	**Para-Medical Institute**
1	ESIC Paramedical Institution, Gulbarga, Karnataka (2019)

Initially, each of the medical colleges began functioning with 100 MBBS seats. In 2020, the number of seats for all the six medical colleges was increased to 125 each, with the approval of the National Medical Commission.

In the year 2021, two new ESIC medical colleges have been established, viz., ESIC Medical College & Hospital, Alwar and ESIC Medical College & Hospital, Bihta with initial permission of 100 seats by the National Medical Commission which will be gradually increased.

क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, अलवर (राजस्थान)

चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस अभ्यर्थियों का वार्षिक प्रवेशः मौजूदा छह चिकित्सा महाविद्यालयों में 750 सीटें (125 X 6) हैं तथा दो अतिरिक्त चिकित्सा महाविद्यालयों को प्रारंभ में 200 सीटें (100 X 2) आवंटित की गई हैं। अतः, वर्तमान में, क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालयों का कुल वार्षिक प्रवेश 950 एमबीबीएस सीटें हैं जो वर्ष 2027 तक बढ़कर 1200 हो जाएंगी।

बीमाकृत व्यक्तियों के प्रतिपाल्यों के लिए नामोद्दिष्ट सीटें: आठ क.रा.बी निगम चिकित्सा महाविद्यालयों में बीमाकृत व्यक्ति के प्रतिपाल्यों के लिए प्रत्येक वर्ष 343 एमबीबीएस सीटें नामोद्दिष्ट हैं। चिकित्सा महाविद्यालयों में बीमाकृत व्यक्तियों के प्रतिपाल्यों की सीटें फरीदाबाद और हैदराबाद (43 प्रत्येक), जोका (65), गुलबर्गा तथा बेंगलुरु (56 प्रत्येक), चेन्नई (25), बिहटा (35) तथा अलवर (20) हैं। दंत्य महाविद्यालय गुलबर्गा में बीमाकृत व्यक्ति के प्रतिपाल्यों के लिए 28 बीडीएस सीटें हैं।



चिकित्सा महाविद्यालय (i) कोयंबतूर, तमिलनाडु (ii) पेरीपल्ली, केरल और (iii) मंडी, हिमाचल प्रदेश को संबंधित राज्य सरकार को सौंप कर दिया गया है, जहां एमबीबीएस पाठ्यक्रम चल रहे हैं। ये महाविद्यालय सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, कोयंबतूर, तमिलनाडु (20), सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, कोल्लम, पेरीपल्ली (38/39), श्री लाल बहादुर शास्त्री, चिकित्सा महाविद्यालय, नेर चौक, मंडी, हिमाचल प्रदेश (36) के 'बीमाकृत व्यक्तियों (आईपी) के प्रतिपाल्यों के लिए आवंटित सीटों' के क.रा.बी निगम पूल में सीटों को बढ़ाते हैं। इस प्रकार बीमाकृत व्यक्ति के प्रतिपाल्यों के लिए एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 437/438 हो गई।

शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में क.रा.बी. निगम चिकित्सा संस्थानों में स्नातकोत्तर सीटें (एमडी/एमएस) –251 तथा डीएनबी सीटें –81 हैं।

क.रा.बी. लाभार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए शिक्षण संस्थानों को तृतीयक देखभाल केंद्रों के रूप में विकसित करने हेतु सभी प्रयास किए जा रहे हैं। क.रा.बी. निगम चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी तथा ट्रांसप्लांट सेवाओं के क्षेत्र में विभिन्न अति–विशिष्टता सेवाएं विकसित की गई हैं।

सभी चिकित्सा महाविद्यालय हमारे लाभार्थियों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली देखरेख सेवाएं प्रदान करने के लिए शिक्षा और चिकित्सा देखरेख के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सामने आ रहे हैं।

ESIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BIHTA (PATNA), BIHAR

Annual intake of MBBS candidates in Medical Colleges: The existing six medical colleges have 750 seats (125 X 6) and two additional medical colleges have been initially allotted 200 seats (100 X 2). Therefore, currently, the total annual intake of ESIC medical colleges is 950 MBBS seats which is set to increase to 1200 by the year 2027.

Earmarked seats for ward of insured persons: There are 343 MBBS seats each year earmarked for Wards of IPs in eight ESIC medical colleges. The seats for Wards of IPs at each of the Medical College are as follows : Faridabad and Hyderabad (43 each), Joka (65), Gulbarga and Bengaluru (56 each), Chennai (25), Bihta (35) and Alwar (20). The dental college Gulbarga has 28 BDS seats for Wards of IPs.



The medical colleges at (i) Coimbatore, Tamil Nadu; (ii) Paripally, Kerala and (iii) Mandi, Himachal Pradesh have been transferred to respective State Governments where the MBBS courses are going on. These colleges contribute seats to the ESIC pool for seats allocated for Wards of Insured Persons namely, Government Medical College, Coimbatore, Tamil Nadu (20), Government Medical College, Kollam, Paripally (38/39), Shri Lal Bahadur Shastri Medical College, Ner Chowk, Mandi, Himachal Pradesh (36). Hence, the total number of MBBS seats for Wards of IPs is 437/438.

In the Academic year 2022-23, post-graduate seats (MD/MS) were 251 and DNB seats were 81 in ESIC medical institutions.

All efforts are being made to develop the educational institutions as tertiary care centres to provide state of the art facilities to ESI beneficiaries. Various super speciality services in the field of cardiology, neurology, oncology, transplant services, etc. have been developed in ESIC medical colleges and hospitals.

All medical colleges are coming up as centers of excellence for education and medical care for imparting best quality care services to our beneficiaries.

5 – नकद हितलाभ भुगतान

5.1 परिचय

चिकित्सा देखभाल के अलावा, क.रा.बी. योजना के अधीन लाभार्थियों को कई नकद हितलाभ भी प्रदान किए जाते हैं। बीमारी के कारण शारीरिक व्यधि, अस्थायी या स्थायी निःशक्तता के कारण अर्जन क्षमता में हानि, बीमाकृत महिला के संबंध में प्रसूति आदि के समय नकद हितलाभ भुगतान किया जाता है। बीमाकृत व्यक्ति, जिनकी मृत्यु रोजगार के दौरान दुर्घटना अथवा व्यवसायजनित बीमारी के कारण हुई हो, उनके आश्रितजन मासिक भुगतान प्राप्त करने के हकदार होते हैं जिसे आश्रितजन हितलाभ कहा जाता है।

जिन क्षेत्रों में योजना लागू है, वहां निगम द्वारा स्थापित शाखा कार्यालयों तथा शाखा कार्यालय–सह– औषधालयों में नकद हितलाभ का भुगतान किया जाता है। ऐसे कार्यालयों की सं. 606/96 है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बीमारी, मातृत्व, निःशक्तता तथा आश्रितजन हितलाभों संबंधी नकद हितलाभ दावों की घटना–दर का राज्यवार ब्यौरा क्रमशः **परिशिष्ट–V–क, V–ख,** तथा **V–ग** में दिया गया है। वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के दौरान प्रत्येक क्षेत्र/उप–क्षेत्र में किए गए नकद हितलाभ भुगतानों की कुल संख्या **परिशिष्ट–V–क** में दर्शायी गई है। कुल मिलाकर, वर्ष 2022–23 के दौरान कुल 40.42 लाख भुगतान किए गए। प्रतिवर्ष प्रति कर्मचारी किए गए भुगतानों की औसत संख्या पिछले वर्ष के दौरान 0.10 की तुलना में रिपोर्टाधीन वर्ष में 0.09 हो गई है।

5.2 बीमारी हितलाभ

परिशिष्ट–V–क के अनुसार बीमारी हितलाभ के लिए हकदार कर्मचारियों की कुल अनुमानित संख्या पिछले वर्ष में 396.03 लाख की तुलना मे वर्ष 2022–23 के दौरान लगभग 443.45 लाख है। वर्ष 2022–23 में प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष बीमारी के नए मामलों की औसत संख्या 0.01 है। बीमारी हितलाभ की प्रति कर्मचारी औसत दैनिक दर की राशि पिछले वर्ष में 343.98 रुपये से बढ़कर वर्ष 2022–23 के दौरान 358.83 रुपये हो गई। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बीमारी हितलाभ के रूप में पिछले वर्ष में

370.19 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष 413.82 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया था। प्रति–कर्मचारी प्रतिवर्ष बीमारी हितलाभ दिवसों की अखिल भारतीय औसत पिछले वर्ष में 0.27 दिन से घटकर रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 0.26 दिन हो गई।

5.3 विस्तारित बीमारी हितलाभ

वर्ष 2022–23 तथा 2021–22 के लिए प्रति 1000 कर्मचारी नए दावों की संख्या के रूप में व्यक्त विस्तारित बीमारी हितलाभ घटना–दर तथा अवसानित दावों की औसत अवधि **परिशिष्ट–V–क** के क्रमशः कालम (9) एवं (10) में दी गई है। विस्तारित बीमारी हितलाभ की अखिल भारतीय घटना–दर वर्ष 2022–23 के दौरान 0.26 मामले प्रति 1000 कर्मचारी है।

5.4 मातृत्व हितलाभ

मातृत्व हितलाभ के लिए पात्र मानी गई महिला कर्मचारियों की अनुमानित संख्या 2021–22 में 58.69 लाख से बढ़कर 2022–23 में 67.61 लाख हो गई। पिछले वर्ष में भुगतान किए गए 37377.20 लाख रुपये की तुलना में रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान मातृत्व हितलाभ के रूप में 41599.73 लाख रुपये की कुल राशि का भुगतान किया गया। प्रति मातृत्व दावा नकद हितलाभ भुगतान की औसत राशि 2021–22 में 81950 रुपये से बढ़कर 2022–23 में 86813 रुपये हो गई। प्रति हजार बीमाकृत महिला कर्मचारियों के दावों की संख्या वर्ष 2021–22 में 7.77 से घटकर 2022–23 में 7.09 हो गई। प्रति हजार महिला कर्मचारी दावों की घटना–दर एर्णाकुलम में सबसे अधिक 19.77 तथा कानपुर में सबसे कम 1.58 थी।

5.5 अस्थायी निःशक्तता हितलाभ

अस्थायी निःशक्तता हितलाभ दावों की घटना दर **परिशिष्ट–V–ख** में दर्शायी गई है। रोजगार चोट से ग्रस्त कर्मचारियों की संख्या 2021–22 में 262.67 लाख की तुलना में वर्ष 2022–23 में 292.03 लाख है। वर्ष 2021–22 के दौरान 1171.07 लाख रुपये की राशि तथा वर्ष 2022–23 में 1109.97 लाख रुपये अस्थायी निःशक्तता हितलाभ के रूप में भुगतान किया गया। नए मामलों की औसत संख्या प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष 2021–22 में 0.002 के समान 2022–23 में भी 0.002 रही। प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष हितलाभ दिवसों की औसत संख्या पिछले वर्ष के 0.11 से घट्कर वर्ष 2022–23 में 0.10 हो गई है। अस्थायी निःशक्तता हितलाभ की औसत दैनिक हितलाभ दर पिछले वर्ष रु. 401.49 से घटकर रु. 372.42 हो गई।

5.6 स्थायी निःशक्तता हितलाभ

स्थायी निःशक्तता हितलाभ मामलों की घटना–दर **परिशिष्ट–V–ख** के कॉलम 7 से 10 में दर्शायी गई है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान स्वीकृत नए स्थायी निःशक्तता हितलाभ मामलों की संख्या वर्ष 2021–22 में 9434 से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 12350 हो गई। वर्ष 2022–23 के दौरान प्रति हजार स्थायी निःशक्तता हितलाभ मामलों की घटना दर 0.42 प्रति हजार बीमाकृत व्यक्ति रही। स्थायी निःशक्तता हितलाभ के दावेदारों की संख्या वर्ष 2021–22 में 313808 से घटकर रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान वर्ष 2022–23 में 294194 हो गई है।

5 - CASH BENEFIT PAYMENTS

5.1 Introduction

Apart from medical care, arrays of cash benefits are also provided to the beneficiaries under the ESI Scheme. It is payable in times of physical distress due to sickness, temporary or permanent disablement resulting in loss of earning capacity, confinement in respect of insured women, etc. Dependants of insured persons who die of employment injury caused by accident or occupational disease are entitled to monthly payments called the Dependant's Benefit.

Cash benefit payments are made at the branch offices and Dispensary-cum-Branch offices set up by the corporation in areas where the scheme is in operation. The number of such offices is 606/96.

The state-wise break-up of the incidence of cash benefit claims relating to sickness, maternity, disablement and dependants benefit during the year under report are given in **Appendix-V-A, V-B, V-C** respectively. The total number of cash benefit payments made in each region/sub-region during the year 2021-22 & 2022-23 is given in **Appendix-V-A**. In total, 40.42 Lakhs payments were made during the year 2022-23. The average number of payments per employee per annum is 0.09 during the year under report as against 0.10 in the previous year.

5.2 Sickness Benefit

